आया सावन का पावन मेला

छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में गणपत जी आए,
साथ अपने वह रिद्धि सिद्धि लाये,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में ब्रह्मा जी आए,
संग अपने वह ब्रह्माणी को लाए,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में विष्णु जी आए,
संग अपने वह लक्ष्मी जी को लाए,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में भोले जी आए,
संग अपने वह गौरा जी को लाए,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में रामा जी आए,
संग अपने वह सीता जी को लाए,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

इस मेले में कान्हा जी आए,
संग अपने वह राधा जी को लाए,
देखो कोई ना आया अकेला, आया सावन का पावन मेला,
छोड़ो छोड़ो यह घर का झमेला,
आया सावन का पावन मेला.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32703/title/aaya-sawan-ka-pawan-mela

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |